




## हाय दैया! बॉक्स ऑफिस पर 8वें दिन वींक के बिके सिर्फ 20 टिकट्स

कंगना रनौत स्टारर एक्शन फिल्म 'धाकड़' को अपनी रिलीज के आठवें दिन केवल 4, 420 रुपये इकट्ठा करने और देश भर में केवल 20 टिकट बेचने का मौका मिला। ये आंकड़े 'बॉलीवुड हंगामा' के मुताबिक हैं। यह फिल्म पहले दिन से ही एक आपदा थी। कुल मिलाकर, धाकड़ ने लगभग 3 करोड़ रुपये कमाए हैं, जिसके कारण कंगना की बॉक्स ऑफिस पर खराब प्रदर्शन की लंबी कड़ी जारी है। कथित तौर पर 'धाकड़ को बनाने में 80 करोड़ रुपये से 90 करोड़ रुपये की लागत आई है और एक अलग 'बॉलीवुड हंगामा' रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म को ओटीटी पर स्ट्रीमिंग करने के लिए संघर्ष करनी पड़ रही है। रजनीश घई की निर्देशित 'धाकड़' में अर्जुन रामपाल, दिव्या दत्ता और शाश्वत चटर्जी हैं। धाकड़ को अब तक मिली–जुले रिएक्शन मिले हैं, लेकिन लगता है कि फिल्म देखने वालों ने फिल्म को पूरा पास दे दिया है। हॉरर–कॉमेडी सीक्वल 'भूल भुलैया 2, जो 'धाकड़' के साथ–साथ रिलीज हुई, ने भारी मुनाफा कमाया।

## पोर्न एडिक्ट थीं अनुराग कश्यप की बेटी आलिया कश्यप

बॉलीवुड डायरेक्टर अनुराग कश्यप की बेटी आलिया कश्यप सुर्खियों में छाई रहती हैं। वह सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं। वह अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर बहुत ओपन रहती हैं। वह अपने पर्सनल एक्सपीरियंसेस से बाकी लोगों को कुछ–न–कुछ सीख भी देती रहती हैं। एक बार उन्होंने पीरियड्स, सेक्स, बिकिनी वैक्स, न्यूडिटी से लेकर ढेर सारे टॉपिक्स पर फैंस के सवालों के जवाब दिये थे। अब आलिया ने एक बार फिर वीडियो बनाकर लोगों की समस्याओं का सुलझाया है। इसमें वह सेक्स करने के दौरान होने वाले दर्द औप पॉर्न फिल्म के एडिक्शन समेत कई चीजों के बारे में खुलकर बताया है। एक ने आलिया से छोटे ब्रेस्ट के बारे में भी सवाल किया। इस पर उन्होंने जवाब दिया कि ऐसा होना नॉर्मल है। क्योंकि उनके भी छोटे हैं और उन्हें पसंद है। आलिया ने कहा कि इससे कई दिक्कते होती हैं, लेकिन उनको नहीं है। उनके मुताबिक, अगर पार्टनर मैच्योर है, उसे भी इससे दिक्कत नहीं होगी। वहीं, आलिया ने सेक्स के दौरान खून निकलने के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा ऐसा उनके साथ तो नहीं हुआ है लेकिन ये भी नॉर्मल है। उन्होंने बताया कि पहली बार सेक्स करने के दौरान हाइमेन मसल टूटती है। जिस कारण थोड़ी ब्लीडिंग होती है। आलिया कश्यप ने कहा कि उनके कुछ दोस्तों की भी ब्लीडिंग हुई थी।

## लियोनार्डो डिकैप्रियो से तारीफ मिलने वाली बात पर उर्वशी को मिल रहे ताने




बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने इस बार कान्स फिल्म फेस्टिवल में डेब्यू किया है और वो अपने रेड कार्पेट लुक्स से खूब सूर्खियां बटोर रही हैं। इस बीच उन्होंने हॉलीवुड एक्टर लियोनार्डो डिकैप्रियो से जुड़ी ऐसी बात बोल दी है, जो किसी को सच नहीं लग रही है। उन्होंने जैसे ही इस बारे में बात की, वो सोशल मीडिया पर ट्रेंड होने लगी। आखिर उन्होंने ऐसा क्या कह दिया है कि लोग उन्हें झूठी कह रहे हैं। उर्वशी रौतेला ने बताया कि हॉलीवुड के फेमस ऐक्टर लियोनार्डो डिकैप्रियो ने उनकी तारीफ की है। वो बोलीं, लियोनार्डो डिकैप्रियो से तारीफ पाकर मैं एकदम बौखला गई थी और मेरे पास शब्द ही नहीं बचे थे। मैं बहुत इमोशनल हो गई थी और मेरी आंखों में खुशी के आंसू छलक पड़े थे। मैं शरमा भी रही थी। ऐक्ट्रेस ने आगे कहा, श्उन्होंने एक बहुत ही टैलेंटेड ऐक्ट्रेस के रूप में भी मेरी तारीफ की। मैं खुद को पिंच (चुटकी) करते हुए जगा रही थी। क्या कल रात वास्तव में ऐसा हुआ था? उनसे ये मेरी मुलाकात याद रहेगी। अब उर्वशी ने ये बात बोल तो दी, लेकिन उनकी इस बात पर यूजर्स को यकीन नहीं हो रहा है। वो सोशल मीडिया पर अपना रिएक्शन दे रहे हैं। कई लोगों ने तो उन्हें झूठा तक कह दिया है। एक ने लिखा, लियो कान्स में ही नहीं है?

# लाल सिंह चड्ढा के ट्रेलर इवेंट में आमिर खान ने खाए गोल गप्पे

*बॉलिवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट और सुपरस्टार आमिर खान की फिल्म श्लाल सिंह चड्ढा का ट्रेलर आईपीएल फिनाले में लॉन्च होगा। एक दिन पहले आमिर खान और करीना कपूर की लाल सिंह चड्ढा का ट्रेलर मुंबई में मीडियाकर्मियों को दिखाया गया। यहां आमिर खान ने गोल गप्पे का लुत्फ भी उठाया और पत्रकारों से बातचीत भी की। ऐक्टर ने पत्रकारों से ट्रेलर का रिव्यू जाना और इस फिल्म के सिलसिले में ढेर सारी बातचीत की।*


एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

**आमिर खान ने खाए गोल गप्पे**

आमिर खान लाल सिंह चड्ढा ट्रेलर इवेंट में गोल गप्पे का लुत्फ उठाते नजर आए। सोशल मीडिया पर उनका वीडियो भी सामने आया है जहां वह मुंबई के जुहू में गोल गप्पे का लुत्फ उठाते नजर आए। फैंस जमकर आमिर खान के इस अंदाज पर रिएक्ट भी कर रहे हैं। बता दें लाल सिंह चड्ढा का ट्रेलर आईपीएल के फाइनल मैच यानी 29 मई 2022 को रिलीज होगा।

**फैंस क्या बोले**

इस वीडियो के कमेंट बॉक्स में फैंस अलग अलग तरह से रिएक्ट कर रहे हैं। एक ने कहा, ये एक प्रमोशन का तरीका है। तो एक ने लिखा, फोटो वीडियो के चक्कर में आमिर खान की पानी पुरी टूट जाएगी। इस तरह के कई फनी कमेंट्स इस पोस्ट पर मौजूद हैं।

**हॉलीवुड फिल्म फॉरेस्ट गंप का अहफिशियल एडेप्टेशन**

बता दें आमिर खान की लाल सिंह चड्ढा में लीड रोल में करीना कपूर भी नजर आएंगी। ये फिल्म हॉलिवुड फिल्म फॉरेस्ट गंप का



ऑफिशियल एडेप्टेशन है। इस फिल्म के राइट्स लेने के लिए मेकर्स को 10 साल का समय लग गया। इतना ही नहीं फॉरेस्ट गंप के मेकर्स की तो ये कंडीशन भी थी कि इस फिल्म को आमिर खान ही निभाएं।

**लाल सिंह चड्ढा की रिलीज डेट**

लाल सिंह चड्ढा के लेखन का काम मशहूर ऐक्टर अतुल कुलकर्णी ने किया है। उन्होंने 14 साल पहले जाने तू जाने न के प्रीमियर में आमिर खान को लाल सिंह का आइडिया सुनाया था। शुरुआत में तो आमिर खान ने दो साल तक इस स्क्रिप्ट को सुनने में नखरे दिखाए लेकिन जब उन्होंने इसकी कहानी सुनी तो वह इससे काफी प्रभावित हुए थे। अब आखिरकार ये फिल्म 11 अगस्त 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।

# सोनू सूद ने बॉलिवुड कंटेंट पर फिर दिखाई बेरूखी

*ऐक्टर सोनू सूद लगभग हर मुद्दे पर अपनी बात बेबाकी से रखते हैं। चाहे देश में कोई बी मुद्दा हो, सोनू हमेशा अपना व्यू देने में मुखर रहे हैं। ऐक्टर ने साउथ और हिंदी फिल्मों की बहस में अपनी राय रखी थी और अब एक बार फिर उन्होंने इस बारे में बात की है। हाल ही में ऐक्टर ने कहा है कि साउथ फिल्में काम करना उन्हें श्खराब हिंदी फिल्मेंश करने से बचाता है। सोनू ने 1999 में तमिल फिल्मों 'कल्लाझगर' और 'नेन्जिनिल' के साथ फिल्मों में अपने करियर की शुरुआत की थी। 2002 में 'शहीद ए आजम' के साथ हिंदी फिल्म की शुरुआत करने से पहले उन्होंने तेलुगु फिल्मों 'हैंड्स अप' और 'मजुनू' में भी काम किया।*



**'पृथ्वीराज' में सोनू सूद का रोल**

सोनू इन दिनों 'सम्राट पृथ्वीराज' की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने फिल्म में कवि चंद बरदाई की भूमिका निभाई है, जिसमें अक्षय कुमार राजा पृथ्वीराज के रोल में हैं। फिल्म में संजय दत्त और मिस वर्ल्ड 2017 मानुषी छिल्लर भी हैं। फिल्म 3 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

**फिल्में स्क्रिप्ट से चुनता हूं, भाषा से नहीं**

सोनू ने 'इंडियन एक्सप्रेस' को बताया, 'मैं हमेशा अपनी अच्छी स्क्रिप्ट के साथ जाता हूं, चाहे मैं तमिल, तेलुगु या हिंदी फिल्में करूं। साउथ सिनेमा मुझे खराब हिंदी फिल्में करने से बचाता है। एक दौर आता है जब आपको लगता है कि आप सिर्फ एक फिल्म कर रहे हैं। एक बड़ी फिल्म में नजर आने के लिए साउथ मुझे ऐसा करने से दूर रहने में मदद करता है।'

**सोनू सूद की दमदार फिल्में**

सोनू को हाल ही में तेलुगु फिल्म 'आचार्य' में विलेन के रोल में देखा गया था। फिल्म में चिरंजीवी और राम चरण भी थे। सोनू अगली बार डॉ चंद्रप्रकाश द्विवेदी की फिल्म 'सम्राट पृथ्वीराज' में नजर आएंगे। फिल्म का नाम पहले पृथ्वीराज रखा गया था। करणी सेना की आपत्तियों के बाद, यशराज फिल्म्स ने फिल्म का टाइटल बदलने का फैसला किया।

**मां होती तो गर्व करती**

पृथ्वीराज में अपने रोल के बारे में बात करते हुए सोनू ने हाल ही में 'पीटीआई' को बताया, 'जब हम चांद बरदाई की कहानियां सुनते थे, तो हम बहुत प्रेरित महसूस करते थे। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझे किसी फिल्म में चांद बरदाई का किरदार निभाने का मौका मिलेगा।